बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0,
बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्रीनगर, पटना–23

पत्रांक – MP-121/21

नये प्रोग्रामर एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के अभिनियोजन (Deployment) संबंधी सूचना दिनांक 26/02/2021

दिनांक – 26.02.2021

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0, (बेल्ट्रॉन) Manpower Agency के माध्यम से सरकार के विभागों/कार्यालयों/निकायों की अधियाचनाओं के विरूद्ध संविदा के आधार पर प्रोग्रामरों/डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की सेवा उपलब्ध कराता है। Manpower आपूर्त्ति निर्बाध रूप से जारी रखने हेतु बेल्ट्रॉन अभ्यर्थियों का एक पूल तैयार करता है जिसके लिए बेल्ट्रॉन द्वारा एक CBT (Computer Based Test) परीक्षा ली जाती है तथा CBT परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की टाईपिंग की परीक्षा ली जाती है। CBT एवं Typing दोनों परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों का एक पूल तैयार किया जाता है।

पूल तैयार होने के बाद इनका Deployment Manual तरीके से किया जाता था, जिसे जनवरी–2021 से Automatic तरीके से ERP के माध्यम से किया जा रहा है।

ERP Software में मुख्यतः निम्नलिखित तीन बिन्दुओं के आधार पर अभ्यर्थियों का अभिनियोजन किया जाता हैः–

(1) Registration Year
(2) 100 Point Reservation Roster
(3) Choice of District

पंजीयन वर्ष एवं पंजीयन संख्या के आधार पर ERP System एक Virtual Emp ID Create करता है।

उदाहरणस्वरूपः Un-Deployed KYC में ERP System द्वारा सत्यापित की गई DEO का वार्षिक विवरणी निम्नवत हैः–

Registration Year	Number
2013	28
2014	54
2015	38
2016	144
2018	02
2019	6734

ERP द्वारा उक्त विभिन्न वर्षो में पंजीयन कराये हुए अभ्यर्थियों में से पहले पंजीयन कराये अभ्यर्थियों को वरियता देते हुए, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किये गये 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर एवं अभ्यर्थी द्वारा चयन किए गए जिले को ध्यान में रखते हुए उनकी प्रतिनियुक्ति की जाती है।

ERP के माध्यम से नियुक्ति की प्रक्रिया निम्नवत हैः–

1. विभाग द्वारा ERP System में Online अधियाचना करना
2. बेल्ट्रॉन द्वारा अधियाचना को स्वीकृत करना
3. ERP के द्वारा उपरोक्त क्रमांक–1 एवं 2 बिन्दु पर बनाये गये Logic के मुताबिक Candidate को SMS द्वारा Offer भेजा जाना

4. Candidate द्वारा Offer Accept/Reject किया जाना
5. Reject की स्थिति में उसी Requisition Roster Point के against उसी वर्ग के Candidate को पुनः Offer भेजना
6. Requisition के विरूद्ध सभी के Acceptance के बाद Vendor द्वारा Physical Offer Letter Receive करवाना
7. विभाग द्वारा सेवा लौटाये जाने के बाद पुनः Candidate का KYC करना एवं पुनः प्रतिनियुक्ति हेतु प्रविष्ट 01 to 06 को दोहराना

अभी बेल्ट्रॉन के पास 2019 की दक्षता परीक्षा में सफल डाटा इन्ट्री ऑपरेटर अभ्यर्थियों में से 6734 को KYC सत्यापित किया जा चुका है। साथ हीं 2019 से पहले की दक्षता परीक्षा में सफल 266 डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों तथा 261 प्रोग्रामरों का KYC सत्यापित किया जा चुका है।

KYC सत्यापित डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों, प्रोग्रामरों एवं स्टेनोग्राफर की वरियता सूची बेल्ट्रॉन के Website पर प्रकाशित है। इसी सूची से जनवरी,2021 माह से प्रतिनियुक्ति की जा रही है। **अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने Password से संबंधित सूचना को किसी अन्य को न दें।**

जनवरी,2021 से विभागों से प्राप्त अधियाचनाओं के विरूद्ध अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए विकल्पों एवं बिहार सरकार के आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप अभिनियोजन करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। दिनांक–23.02.2021 तक 1561 डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, 01 स्टेनोग्राफर एवं 36 प्रोग्रामरों को ERP के माध्यम से ऑफर भेजा गया है, जिसमें अबतक 762 (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर–731, स्टेनोग्राफर–01 एवं प्रोग्रामर–30) अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से प्रतिनियुक्ति पत्र Release करने हेतु Manpower Agency को निर्देश दिया जा चुका है एवं Agency द्वारा प्रतिनियुक्ति पत्र अभ्यर्थियों को निर्गत किया जा रहा है। शेष बचे 836 अभ्यर्थियों का आवंटन प्रक्रियाधीन है। अभ्यर्थियों द्वारा Offer को बार–बार अस्वीकार किये जाने के कारण अधियाचना के पूर्ण होने में विलम्ब हो रहा है। इस प्रक्रिया को और तेज करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

विगत कुछ वर्षो में हर वर्ष औसतन 1500 अभ्यर्थियों के लिए अधियाचनाएँ प्राप्तः होती रही हैं। यह संख्या परिवर्तनशील है। स्वाभाविक है कि 7300 से ज्यादा अभ्यर्थियों को अधियाचना के विरूद्ध अभिनियोजन(Deployment) में कुछ समय लगने/विलंब होने की संभावना है। परन्तु यदि, अधियाचनाओं की संख्या में वृद्धि हो तो अभिनियोजन में कम समय लगेगा। अधियाचनाएँ प्राप्त करने हेतु निगम स्तर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों को ऑन–लाईन अधियाचना प्रेषित कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

सुव्यवस्था हेतु बेल्ट्रॉन के मैनपावर नियुक्ति के लिए एक ऑन–लाईन व्यवस्था व्यवहार में लायी जा रही है। जिससे संबंधित सभी प्रकार की जानकारी बेल्ट्रॉन के साईट www.bsedc.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। बेल्ट्रॉन मैनपावर से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी के लिए बेल्ट्रॉन को HelpDesk सम्पर्क मोबाईल सं0–0612–2281815/ 9262994967/9262994968 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नोटः– अभ्यर्थियों को यह सूचित किया जाता है कि प्रतिनियुक्ति(Deployment) के संदर्भ में किसी भी दलाल/बाहरी व्यक्ति के सम्पर्क में न आयें। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई अवैध माँग किए जाने पर नजदीकी थाने में सूचना दें।

ह0/–
प्रभारी(मानव संसाधन)